जनसुनवाई पोर्टल आई0जी0आर0एस0 में जनपद बदायूँ पुलिस अव्वल। उत्तरप्रदेश के 75 जनपदों में #budaunpolice ने जनसुनवाई के पोर्टल में सूचनाओं के त्वरित निस्तारण में माह जुलाई-2023 में हांसिल किया प्रथम स्थान।

जनसुनवाई पोर्टल आई0जी0आर0एस0 पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों को त्वरित एवं गुणवत्तापरक निस्तारण के परिप्रेक्ष्य में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा किये गये मूल्यांकन में जनपद बदायूँ पुलिस को 75 जनपदों में माह जुलाई 2023 में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर शासन द्वारा किये गये मूल्यांकन में कुल 08 पैरामीटर पर रैंकिग जारी की गयी। जिसमें कुल 125 अंक में से जनपद बदायूँ पुलिस को अधिकतम 125 अंक प्राप्त हुए। इसमें आई0जी0आर0एस0 प्रभारी उ0नि0 श्री जितेन्द्र सक्सेना व उनकी टीम द्वारा कार्य करते हुए पोर्टल पर प्राप्त आई0जी0आर0एस0 सन्दर्भों की प्रतिदिन समीक्षा कराकर समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण कराये जाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया। प्रदेश के कुल 75 जनपदों में माह जुलाई-2023 में आई0जी0आर0एस पोर्टल पर जनपद बदायूँ का प्रथम स्थान आने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ श्री डा0 ओ0 पी0 सिंह द्वारा प्रभारी श्री जितेन्द्र सक्सैना व उनकी टीम को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया व भूरि-भूरि प्रशंसा की ।

इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ श्री डा0 ओ0 पी0 सिंह द्वारा जनपद के थाना बिनावर, कुवरगांव,महिलाथाना,कादरचौक,उसहैत,मूसाझाग,दातागंज,हजरतपुर,सहसवान,मुजरिया,जरीफनगर,बिल्सी,इस्लामनगर व थाना फैजगंज बेहटा प्रभारियों को आई0जी0आर0एस0 पोर्टल में प्रथम स्थान आने पर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

सोशल मीडिया सेल

जनपद बदायूँ।